Sl. No.	Contents	Explanation
1	Title & Ownership	-Name, address of the prospector including E-mail ID, telephone number. -Details of period of prospecting/mineral right if any. -Details of exploration agency, qualification, experience of associated technical persons engaged in exploration.
2	Details of the area	-Village, District, State - Survey of India Toposheet No., Geo-coordinates of the area of all corner points - cadaster details of the area with land use, area under forest with type of forest - mineral(s) under investigation
3	Infrastructure & Environment	-Local infrastructure, host population, historical sites, forests, sanctuaries, national park and environmental settings of the area.
4	Previous exploration	-Details of previous exploration carried out by other agencies/parties. - In case the area forms part of the area covered under earlier exploration then the same should be shown in a map with proper scale.
5	Geology	-Brief regional geology of the area outlining the broad geological, structural frame work. -Deposit type, geological setting and details of dip, strike, old workings, surface exposures etc. of the area under study also of adjoining nearby areas if the information is likely to have an impact on the area under study. -Reliable geological map of appropriate scale with geo-coordinates showing major lithological units, structural & tectonic features; extent of surface mineralisation, structure, location of boreholes, pits, trenches, old workings etc. - Cross sections at suitable intervals showing vertical projections of litho-units and mineralization. - The extent and variability of the mineralization expressed as length (along strike or otherwise), plan width, and depth below surface to the upper and lower limits of the Mineral Resource.
6	Aerial/ground geophysical/ geochemical data	Details of aerial, geophysical & geochemical survey results taken up if any and their results.
7	Technological investigation	-Details of technological investigation (pitting/trenching/drilling etc.) -Data spacing for reporting of Exploration Results: Whether the data spacing and distribution is based on part I and II of the schedule and is sufficient to establish the

		degree of geological and grade continuity appropriate for the Mineral Resource estimation procedure(s) and classifications applied.
8	Location of data points.	-Accuracy and quality of surveys used to locate drill holes (collar and down-hole surveys), trenches, mine workings and other locations used in Mineral Resource estimation. - Quality and adequacy of topographic control.
9	Sampling Technique	Nature and quality of sampling (e.g. cut channels, random chips etc.) and measures taken to ensure sample representivity.
10	Drilling technique& drill sampling employed	- Drill type (e.g. core, reverse circulation, open-hole hammer, rotary air blast, auger, Bangka, sonic etc.) and details (e.g. core diameter, triple or standard tube, collar R.L, azimuth, inclination, coordinates of bore holes etc.). -Whether core and chip sample recoveries have been properly recorded and results assessed. -Measures taken to maximise sample recovery and ensure representative nature of the samples. - Whether a relationship exists between sample recovery and grade and whether sample bias may have occurred due to preferential loss/gain of fine/coarse material. Logging: -Whether core and chip samples have been logged to a level of detail to support appropriate Mineral Resource estimation, mining studies and metallurgical studies.
11	Sub-sampling techniques and sample preparation	-If core, whether cut or sawn and whether quarter, half or all core taken. -If non-core, whether riffled, tube sampled, rotary split etc. and whether sampled wet or dry. -For all sample types, the nature, quality and appropriateness of the sample preparation technique. -Quality control procedures adopted for all sub-sampling stages to maximize representivity of samples. -Measures taken to ensure that the sampling is representative of the in situ material collected. -Whether sample sizes are appropriate to the grain size of the material being sampled.
12	Quality of assay data and laboratory tests	The nature, quality and appropriateness of the assaying and laboratory procedures used and whether the technique is considered partial or total. Nature of quality control procedures adopted (e.g. standards, blanks, duplicates, external laboratory checks) and whether acceptable levels of accuracy (i.e. lack of bias) and precision have been established. Check analysis of atleast 10% of samples may be analyzed from third party NABL accredited/or department of science & technology (DST) / BIS recognized laboratories or government laboratories for assessing the acceptable levels of accuracy.
13	Moisture.	-Whether the tonnages are estimated on a dry basis or with natural moisture, and the method of determination of the moisture content.
14	Bulk Density	Whether assumed or determined. If assumed, the basis for the assumptions. If determined, the method used, whether wet or dry, the frequency of the measurements, the nature, size and representativeness of the samples.
15	Resource estimation techniques	- Discussion on sufficient data density to assure continuity of mineralization and synthesis adequate data base for estimation procedure used. -The nature and appropriateness of the estimation technique(s) applied and key assumptions, including treatment of extreme grade values, domaining, interpolation parameters, maximum distance of extrapolation from data points. -The basis for the classification of the Mineral Resources into varying confidence categories. -The assumptions made regarding recovery of byproducts. -Detailed description of the method used and the assumptions made to estimate tonnages and grades (section, polygon, inverse distance, geostatistical, or other method).

		-Description of how the geological interpretation was used to control the resource estimates. -Discussion of basis for using or not using grade cutting or capping. If a computer method was chosen, description of programmes and parameters used. -Geostatistical methods are extremely varied and should be described in detail. The method chosen should be justified. The geostatistical parameters, including the variogram, and their compatibility with the geological interpretation should be discussed. Experience gained in applying geostatistics to similar deposits should be taken into account. -Data verification and /or validation procedures used.
16	Further work	-The nature and scale of planned further work (e.g. tests for lateral extensions or depth extensions or large scale step-out drilling).
17	Annexures/ enclosures to the report	The report shall include all relevant data including maps, sections, logs, analysis reports, photographs etc. in support of the estimates made.
18	Any other information	Any other information as may be available or required by any authority as prescribed

Part IV-B

Estimation and Reporting of Diamonds and other Gemstones

Criteria listed in Part IVA also apply to this group; additional guidelines are available in the 'Guidelines for the Reporting of Diamond Exploration Results' issued by the Diamond Exploration Best Practices Committee established by the Canadian Institute of Mining, Metallurgy and Petroleum.

1	Indicator minerals	- Reports of indicator minerals, such as chemically/physically distinctive garnet, ilmenite, chrome spinel and chrome diopside, should be prepared by a suitably qualified laboratory.
2	Source of diamonds.	- Details of the form, shape, size and colour of the diamonds and the nature of the source of diamonds (primary or secondary) including the rock type and geological environment.
3	Sample collection.	- Type of sample, whether outcrop, boulders, drill core, reverse circulation drill cuttings, gravel, stream sediment or soil, and purpose, e.g. large diameter drilling to establish stones per unit of volume or bulk samples to establish stone size distribution. - Sample size, distribution and representativity.
4	Sample treatment.	-Type of facility, treatment rate, and accreditation. - Sample size reduction. Bottom screen size, top screen size and re-crush. - Processes (dense media separation, grease, X-ray, hand-sorting etc.). - Process efficiency, tailings auditing and granulometry. - Laboratory used, type of process for micro diamonds and accreditation.
5	Carat.	One fifth (0.2) of a gram (often defined as a metric carat or MC).
6	Sample grade.	- Sample grade in this section is used in the context of carats per units of mass, area or volume. - The sample grade above the specified lower cut-off sieve size should be reported as carats per dry metric tonne and/or carats per 100 dry metric tonnes. For alluvial deposits, sample grades quoted in carats per square metre or carats per cubic metre are acceptable if accompanied by a volume to weight basis for calculation. - In addition to general requirements to assess volume and density there is a need to relate stone frequency (stones per cubic metre or tonne) to stone size (carats per stone) to derive sample grade (carats per tonne).
7	Reporting of Bulk Exploration Results.	- Complete set of sieve data using a standard progression of sieve sizes per facies. sampling results, global sample grade per facies. Spatial structure analysis and grade distribution. Stone size and number distribution. Sample head feed and tailings particle granulometry. - Sample density determination. - Per cent concentrate and undersize per sample.

		- Sample grade with change in bottom cut-off screen size. - Adjustments made to size distribution for sample plant performance and performance on a commercial scale. - If appropriate or employed, geostatistical techniques applied to model stone size, distribution or frequency from size distribution of exploration diamond samples. - The weight of diamonds may only be omitted from the report when the diamonds are considered too small to be of commercial significance. This lower cut-off size should be stated.
8	Grade estimation for reporting Mineral Resources and Ore Reserves.	- Description of the sample type and the spatial arrangement of drilling or sampling reporting Mineral designed for grade estimation. - The sample crush size and its relationship to that achievable in a commercial treatment plant. - Total number of diamonds greater than the specified and reported lower cut-off sieve size. - Total weight of diamonds greater than the specified and reported lower cut-off sieve size. - The sample grade above the specified lower cut-off sieve size.
9	Value estimation.	- Valuations should not be reported for samples of diamonds processed using total liberation method, which is commonly used for processing exploration samples. - To the extent that such information is not deemed commercially sensitive, Public Reports should include: • Diamonds quantities by appropriate screen size per facies or depth. • *Details of parcel valued.* • *Number of stones, carats, lower size cut-off per facies or depth.* • The average $/carat and $/tonne value at the selected bottom cut-off should be reported in US Dollars. The value per carat is of critical importance in demonstrating project value. • The basis for the price (e.g. dealer buying price, dealer selling price etc.). • An assessment of diamond breakage.
10	Classification.	- In addition to general requirements to assess volume and density there is a need to relate stone frequency (stones per cubic metre or tonne) to stone size (carats per stone) to derive grade (carats per tonne). The elements of uncertainty in these estimates should be considered, and classification developed accordingly.

Part-V

Contents of Prefeasibility Report

Contents of a Prefeasibility Report for Estimation and Reporting of Mineral Reserves based on a Geological Report prepared as per Part IV-A and Part IV-B. The Geological Study Report shall also form a part of the Prefeasibility Report.

Sl. No.	Contents	Explanation
1	Mineral Resource estimate for conversion to Mineral Reserve	- Description of Mineral Resource estimate used as a basis for the conversion to a Mineral reserve. - Clear statement as to whether the Mineral Resources are reported additional to, or inclusive of, the Mineral Reserves. -The type and level of study undertaken to enable Mineral Resources to be converted to Mineral Reserves i.e. Prefeasibility/Feasibility level.
2	Cut off Parameters	-The basis of the adopted cut-off grade(s) or quality parameters applied, including the basis, if appropriate, of equivalent metal formulae& the threshold values prescribed.
3	Mining factors or assumptions.	-The method and assumptions used to convert the Mineral Resource to a Mineral Reserve (i.e. either by application of appropriate factors by optimisation or by preliminary or detailed design supported with Conceptual plan for mining). - Anticipated Ore to OB ratio, mine recoveries, dilutions etc. for both open cast and U/G workings.

		-The choice of, the nature and the appropriateness of the selected mining method(s), the size of the selected mining unit (length, width, height) and other mining parameters including associated design issues such as pre-strip, access, etc. -The assumptions made regarding geotechnical parameters (eg. pit slopes, stope sizes, etc.), grade control and pre-production drilling. -The major assumptions made and Mineral Resource model used for pit optimisation (if appropriate). -The mining dilution factors, mining recovery factors, and minimum mining widths used. -The infrastructure requirements of the selected mining methods. Where available, the historic reliability of the performance parameters.
4	Metallurgical factors or assumptions.	-The metallurgical process proposed and the appropriateness of that process to the type of deposit. -The nature, amount and representativeness of metallurgical test work undertaken and the metallurgical recovery factors applied. -Any assumptions or allowances made for deleterious elements. -The existence of any bulk sample or pilot scale test work and the degree to which such samples are representative of the ore body as a whole. -The tonnages and grades reported for Mineral Reserves should state clearly whether these are in respect of material to the plant or after recovery. Comment on existing plant and equipment, including an indication of replacement and salvage value.
5	Cost and revenue factors	-The derivation of, or assumptions made, regarding projected capital and operating costs. - The assumptions made regarding revenue including head grade, metal or commodity price(s) exchange rates, transportation and treatment charges, penalties, etc. - The allowances made for royalties payable, both Government and private. - Basic cash flow inputs for a stated period. -Yearly planned production, Net Present Value (NPV) and Internal Rate of Return (IRR) of the deposit, intrinsic value of the deposit based on annual projected production.
6	Market assessment	-The demand, supply and stock situation for the particular commodity, consumption trends and factors likely to affect supply and demand into the future. -A customer and competitor analysis along with the identification of likely market windows for the product. -Price and volume forecasts and the basis for these forecasts. -For industrial minerals the customer specification, testing and acceptance requirements prior to a supply contract.
7	Other modifying factors	-The effect, if any, of natural risk, infrastructure, environmental, legal, marketing, social or governmental factors on the likely viability of a project and/or on the estimation and classification of the Mineral Reserves. -The status of titles and approvals critical to the viability of the project, such as mining leases, discharge permits, government and statutory approvals. -Environmental descriptions of anticipated liabilities. Location plans of mineral rights and titles.
8	Classification.	-The basis for the classification of the Mineral Reserves into varying confidence categories. - Finalization of estimates of grade wise mineable quantities in contemplation with proposed preliminary mine design/conceptual plan subject to all necessary approvals/contracts have been confirmed or there are reasonable expectations that all such approvals/contracts will be obtained within a reasonable timeframe and with certification that that Economic viability is not affected by short-term adverse market conditions provided that longer-term forecasts remain positive.

[F. No. 7/2/2015-M.IV]

R. SRIDHARAN, Addl. Secy.

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.

रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 322] नई दिल्ली, बुधवार, मई 20, 2015/वैशाख 30, 1937
No. 322] NEW DELHI, WEDNESDAY, MAY 20, 2015 /VAISAKHA 30, 1937

खान मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 20 मई, 2015

सा.का.नि. 406(अ).—केंद्रीय सरकार, खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) की धारा 13 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

अध्याय 1
प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम खनिज (नीलामी) नियम, 2015 है ।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे ।

2. परिभाषाएं.—(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "अधिनियम" से खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 (1957 का 67) अभिप्रेत है ;

(ख) "समेकित अनुज्ञप्ति" से नियम 18 के अधीन अनुदत्त पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति-सह-खनन पट्टा अभिप्रेत है ;

(ग) "खान विकास और उत्पादन करार" से नियम 10 के उपनियम (4) या नियम 18 के उपनियम (8) में निर्दिष्ट करार अभिप्रेत है ;

(घ) "अधिमानी बोली लगाने वाले" से नियम 9 के उपनियम (4) के खंड (ख) के उपखंड (iii) में निर्दिष्ट बोली लगाने वाला अभिप्रेत है ;

(ङ) "अर्हित बोली लगाने वाले" से नियम 9 के उपनियम (4) के खंड (क) के उपखंड (iv) में निर्दिष्ट बोली लगाने वाला अभिप्रेत है ;

(च) "आरक्षित कीमत" से नियम 8 के उपनियम (1) में यथानिर्दिष्ट प्रेषित खनिज मूल्य की न्यूनतम प्रतिशतता अभिप्रेत है ;

(छ) "अनुसूची" से इन नियमों के साथ उपाबद्ध अनुसूची अभिप्रेत है ;

(ज) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है ;

(झ) "सफल बोली लगाने वाले" से नियम10 के उपनियम (3) या नियम 18 के उपनियम (2) में यथा निर्दिष्ट बोली लगाने वाला अभिप्रेत है ;

(ञ) "तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वाले" से नियम 9 के उपनियम (4) के खंड (क) के उपखंड (ii) में निर्दिष्ट बोली लगाने वाला अभिप्रेत है ;

(ट) "निविदा दस्तावेज" से नियम 9 के उपनियम (2) में निर्दिष्ट किसी नीलामी का संचालन करने के लिए किसी राज्य सरकार द्वारा जारी किया गया निविदा दस्तावेज अभिप्रेत है ;

(ठ) "अग्रिम संदाय" से नियम 11 के उपनियम (1) में निर्दिष्ट संदाय अभिप्रेत है ;

(ड) "अनुमानित साधनों के मूल्य" से ऐसी रकम अभिप्रेत है जो

(i) ऐसे खनिज साधनों के, जिसके लिए खनिज ब्लाक का आबंटन किया जाता है, मीट्रिक टन में व्यक्त अनुमानित मात्रा के ; और

(ii) ऐसे खनिज के प्रति मीट्रिक टन औसत कीमत के, जो सुसंगत राज्य के लिए भारतीय खान **ब्यूरो** द्वारा अनुमानित साधनों के मूल्य की संगणना वाले मास के ठीक पूर्ववर्ती बारह मास की अवधि के लिए प्रकाशित की गई है,

गुणनफल के बराबर है ।

(ढ) "प्रेषित खनिज मूल्य" का वही अर्थ होगा जो नियम 8 के उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट है ।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हैं किंतु उनमें परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगे जो अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों में उनके हैं ।

3. लागू होना—ये नियम अधिनियम की धारा 3 के खंड (ङ) में विनिर्दिष्ट गौण खनिजों या प्रथम अनुसूची के भाग क और भाग 2 में विनिर्दिष्ट खनिजों के रूप में अधिसूचित खनिजों के सिवाय, सभी खनिजों को लागू होंगे ।

4. रियायत का अनुदत्त किया जाना—(1) जहां किसी क्षेत्र के खनिज पदार्थों को खनिज (खनिज पदार्थ साक्ष्य) नियम, 2015 में विनिर्दिष्ट रूप में सिद्ध किया गया है, वहां धारा 10 ख की उपधारा (3) में निर्दिष्ट किन्हीं अधिसूचित खनिजों की बाबत या धारा 11 की उपधारा (2) में निर्दिष्ट अधिसूचित खनिजों से भिन्न किन्हीं खनिजों की बाबत खनन पट्टा अध्याय 2 के अधीन विनिर्दिष्ट रीति में अनुदत्त किया जाएगा ।

(2) ऐसे किसी क्षेत्र की बाबत, जहां खनिज (खनिज पदार्थ साक्ष्य) नियम, 2015 के नियम 7 में निर्दिष्ट अपेक्षाओं को पूरा किया गया है, धारा 10ख की उपधारा (2) में निर्दिष्ट किन्हीं अधिसूचित खनिजों की बाबत या धारा 11 की उपधारा (3) में निर्दिष्ट अधिसूचित खनिजों से भिन्न किन्हीं खनिजों की बाबत समेकित अनुज्ञप्ति अध्याय 3 में विनिर्दिष्ट रीति में अनुदत्त की जाएगी ।

अध्याय 2
खनन पट्टे का अनुदत्त किया जाना

5. खनन पट्टे की नीलामी के लिए पूर्व अध्यपेक्षाएं—(1) राज्य सरकार, राज्य के भीतर के किसी क्षेत्र की बाबत खनन पट्टा अनुदत्त करने की नीलामी प्रक्रिया आरंभ कर सकेगी यदि उस क्षेत्र में खनिज पदार्थों का साक्ष्य, खनिज (खनिज पदार्थ साक्ष्य) नियम, 2015 के उपबंधों के अनुसार सिद्ध किया गया है ।

(2) राज्य सरकार, खनिज नीलामी की बाबत निविदा आमंत्रण सूचना जारी किए जाने के पूर्व, उस क्षेत्र की, जहां खनन पट्टा, कुल स्थापन और भिन्न-भिन्न वैश्विक अवस्थानन प्रणाली (टोटल स्टेशन एंड डिफ्रेंशियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) का प्रयोग करके नीलामी के माध्यम से अनुदत्त किए जाने का प्रस्ताव है, पहचान और उसका सीमांकन करेगी और इस प्रकार सीमांकित क्षेत्र को वन भूमि, राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन भूमि और राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन न आने वाली भूमि के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा ।

(3) इस प्रकार सीमांकित क्षेत्र की सीमा में, खान अधिनियम, 1952 (1952 का 35) की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ञ) में यथा परिभाषित "खान" की परिभाषा के अधीन आने वाले सभी क्रियाकलापों के लिए अपेक्षित क्षेत्र भी आएगा ।

6. खनन पट्टे के लिए पात्रता—(1) खनन पट्टे की नीलामी में भाग लेने के प्रयोजन के लिए, आवेदक धारा 5 में यथा विनिर्दिष्ट सभी अपेक्षाओं तथा अनुसूची 1 में यथा विनिर्दिष्ट पात्रता के निबंधनों और शर्तों को पूरा करेगा ।

(2) राज्य सरकार, भारत के संविधान के अनुच्छेद 244 और पांचवीं अनुसूची और छठी अनुसूची, पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 (1996 का 40) और अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) को ध्यान में रखते हुए अनुसूची 1 में ऐसे संशोधन कर सकेगी, जो वह आवश्यक समझे ;

(3) धारा 10ख की उपधारा (6) के परंतुक के अधीन केंद्रीय सरकार की शक्तियों का प्रयोग राज्य सरकार द्वारा किसी विशिष्ट अंतिम उपयोग के लिए, जिसके अंतर्गत अनुसूची 2 में यथा विनिर्दिष्ट अंतिम उपयोग भी है, विशिष्ट खान या खानों का आरक्षण करने के लिए किया जाएगा और राज्य सरकार खानों की एक निश्चित प्रतिशतता को भी अंतिम प्रयोग के लिए चिह्नांकित कर सकेगी ।

(4) जहां राज्य सरकार किसी खान या किन्हीं खानों को किसी विशिष्ट विनिर्दिष्ट अंतिम उपयोग के लिए आरक्षित करती है तो खनन पट्टे के अधीन निकाले गए खनिजों का,--

(i) केवल विनिर्दिष्ट अंतिम उपयोग के लिए उपयोग किया जाएगा ; और

(ii) प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विक्रय या अंतरण या अन्यथा व्ययन नहीं किया जाएगा ।

(5) नीलामी में भाग लेने संबंधी पात्रता का अवधारण पात्रता के निबंधनों और शर्तों के अनुसार किया जाएगा और सफल बोली लगाने वाले का विनिश्चय केवल पात्र बोली लगाने वालों द्वारा प्रस्तुत की गई वित्तीय बोलियों के आधार पर किया जाएगा ।

7. इलैक्ट्रॉनिक नीलामी—(1) नीलामी केवल ऑनलाइन इलैक्ट्रॉनिक नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से संचालित की जाएगी ।

(2) राज्य सरकार, ऐसे किसी ऑनलाइन इलैक्ट्रॉनिक नीलामी प्लेटफार्म का उपयोग कर सकेगी, जो मानकीकरण जांच और क्वालिटी प्रमाणन निदेशालय, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ई-उपापन पद्धतियों की क्वालिटी अपेक्षाओं के अनुपालन संबंधी मार्गदर्शक सिद्धांतों में यथा विनिर्दिष्ट न्यूनतम तकनीकी और सुरक्षा अपेक्षाओं को पूरा करता है ।

8. बोली लगाने के लिए पैरामीटर—(1) राज्य सरकार, निविदा दस्तावेज में प्रेषित खनिज मूल्य की ऐसी न्यूनतम प्रतिशतता विनिर्दिष्ट करेगी, जो 'आरक्षित कीमत' के रूप में ज्ञात होगी ।

(2) प्रेषित खनिज मूल्य—

(i) एक मास में प्रेषित खनिज की रकम के ; और

(ii) प्रेषण के ऐसे मास के लिए भारतीय खान ब्यूरो द्वारा यथा प्रकाशित (श्रेणीवार और राज्यवार) खनिज की विक्रय कीमत के गुणनफल के बराबर होगा ।

(3) बोली लगाने वाले, राज्य सरकार को संदाय करने के प्रयोजन के लिए, बोली लगाने के पैरामीटर के अनुसार, आरक्षित कीमत के बराबर या उससे अधिक की प्रेषित खनिज मूल्य की प्रतिशतता उद्धृत करेंगे और सफल बोली लगाने वाला राज्य सरकार को,--

(i) यथा उद्धरित प्रतिशतता के ; और

(ii) प्रेषित खनित के मूल्य के,

गुणनफल के बराबर रकम का संदाय करेगा ।

(4) जहां किसी क्षेत्र की एक से अधिक खनिज के लिए नीलामी की जा रही है, तो सफल बोली लगाने वाले द्वारा उपनियम (2) के अधीन यथा उद्धृत प्रेषित खनिज मूल्य की प्रतिशतता, ऐसे प्रत्येक खनिज के संबंध में राज्य सरकार को संदाय करने के प्रयोजन के लिए लागू होगी ।

(5) यदि कोई खनन पट्टा अनुदत्त किए जाने के पश्चात्, एक या अधिक नए खनिजों का पता चलता है, तो सफल बोली लगाने वाले द्वारा उपनियम (2) के अधीन यथा उद्धरित प्रेषित खनिज मूल्य की प्रतिशतता ऐसे प्रत्येक खनिज के संबंध में राज्य सरकार को संदाय करने के प्रयोजन के लिए लागू होगी ।

9. बोली लगाने की प्रक्रिया—(1) राज्य सरकार, नियम 5 के उपबंधों के अधीन रहते हुए, नीलामी की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए एक निविदा आमंत्रण सूचना जारी करेगी, जिसके अंतर्गत उसकी वेबसाइट पर उसका प्रकाशन भी है और ऐसी सूचना में नीलामी के अधीन आने वाले क्षेत्र के बारे में संक्षिप्त विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी, जिनके अंतर्गत निम्नलिखित भी हैं,--

(i) कुल स्थानन और भिन्नक वैश्विक अवस्थानन प्रणाली का प्रयोग करके चिह्नांकित और सीमांकित क्षेत्र की, जिसे वन भूमि, राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन भूमि और राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन न आने वाली भूमि के रूप में विभाजित किया जाएगा, विशिष्टियां ;

(ii) खनिज (खनिज पदार्थ साक्ष्य) नियम, 2015 के उपबंधों के अनुसार खोज के दौरान किसी क्षेत्र में खोजे गए सभी खनिजों की बाबत खनिज पदार्थों के साक्ष्य के बारे में अनुमानित खनिज साधन और संक्षिप्त विशिष्टियां ।

(2) राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए निविदा दस्तावेज में निम्नलिखित अंतर्विष्ट होगा,--

(क) खनिज (खनिज पदार्थ साक्ष्य) नियम, 2015 के अनुसरण में भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट, जिसमें उस क्षेत्र में खोजे गए सभी खनिजों की विशिष्टियां और अनुमानित मात्रा विनिर्दिष्ट हो ; और

(ख) कुल स्थानन और भिन्नक वैश्विक अवस्थानन प्रणाली का प्रयोग करके पहचान किए गए और सीमांकित ऐसे क्षेत्र के, जिसे वन भूमि,राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन भूमि और राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन न आने वाली भूमि के रूप में विभाजित किया गया हो, राजस्व सर्वेक्षण ब्यौरे ।

(3) बोली लगाने वाले को निविदा दस्तावेज का और ऐसी रिपोर्टों का अध्ययन करने के लिए राज्य सरकार द्वारा यथा अधिसूचित एक नियत अवधि दी जाएगी और बोली लगाने की प्रक्रिया ऐसी अवधि की समाप्ति पर प्रारंभ होगी ।

(4) नीलामी एक उच्चगामी आनलाइन इलैक्ट्रॉनिक नीलामी होगी और इसमें निम्नलिखित दौर समाविष्ट होंगे, अर्थात् :--

(क) नीलामी के प्रथम दौर का आयोजन निम्नलिखित रीति में किया जाएगा, अर्थात् :--

(i) बोली लगाने वाले,--

(अ) एक तकनीकी बोली प्रस्तुत करेंगे, जिसमें अन्यों के साथ-साथ, अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार, बोली में भाग लेने के लिए पात्रता की पुष्टि करने संबंधी दस्तावेजी साक्ष्य, बोली की प्रतिभूति और ऐसे अन्य दस्तावेज तथा संदाय समाविष्ट हों, जो निविदा दस्तावेज में विनिर्दिष्ट किए जाएं ; और

(आ) आरंभिक कीमत प्रस्थापना प्रस्तुत करेंगे, जिसमें प्रेषित खनिज मूल्य की प्रतिशतता होगी ;

(ii) केवल उन बोली लगाने वालों पर, जो नियम 6 में विनिर्दिष्ट पात्रता के निबंधनों और शर्तों के अनुसार पात्र पाए जाते हैं और जिनकी आरंभिक कीमत प्रस्थापना आरक्षित कीमत के बराबर या उससे अधिक हो और जिन्हें तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, नीलामी के दूसरे दौर के लिए विचार किया जाएगा ;

(iii) तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों के बीच उच्चतम आरंभिक कीमत प्रस्थापना आनलाइन इलैक्ट्रानिक नीलामी के दूसरे दौर के लिए न्यूनतम कीमत होगी ;

(iv) तकनीकी रूप से पात्र बोली लगाने वालों को उनके द्वारा प्रस्तुत निम्नगामी आरंभिक कीमत प्रस्थापना के आधार पर श्रेणीबद्ध किया जाएगा और उन श्रेणियों के प्रथम पचास प्रतिशत तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वाले (किसी भिन्नांश को उच्चतर पूर्णांक में पूर्णांकित किया जाएगा) या शीर्ष के पांच तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वाले, इनमें से जो भी उच्चतर हो, इलैक्ट्रानिक नीलामी के दूसरे दौर में भाग लेने के लिए अर्हित बोली लगाने वालों के रूप में अर्हित होंगे ;

परंतु जहां तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों की कुल संख्या तीन से कम है वहां किसी भी तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वाले को अर्हित बोली लगाने वाला नहीं माना जाएगा और नीलामी प्रक्रिया बातिल हो जाएगी :

परंतु यह और कि राज्य सरकार, स्वविवेकानुसार, नीलामी की प्रक्रिया को बातिल न करने का विनिश्चय कर सकेगी, यदि तीसरे या पश्चातवर्ती प्रयास में तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों की कुल संख्या तीन से कम बनी रहती है और राज्य सरकार, ऐसे मामले में, तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों पर अर्हित बोली लगाने वालों के रूप में विचार किए जाने का विनिश्चय कर सकेगी जिससे बोली लगाने वाले की प्रक्रिया को जारी रखा जा सके ।

परंतु यह भी कि यदि तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों की संख्या तीन से पांच के बीच में है तो तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों को अर्हित बोली लगाने वालें के रूप में माना जाएगा :

परंतु यह भी कि दो या अधिक तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों द्वारा समरूप आरंभिक कीमत प्रस्थापना की दशा में ऐसे सभी तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों को, अर्हित बोली लगाने वालों का अवधारण करने के प्रयोजनों के लिए समान श्रेणी में रखा जाएगा और ऐसे मामलों में ऊपर उल्लिखित पचास प्रतिशत को पचास प्रतिशत धन तकनीकी रूप से अर्हित ऐसे बोली लगाने वालों की संख्या तक बढ़ा दिया जाएगा जिनकी आरंभिक कीमत प्रस्थापनाएं ऐसी समरूप आरंभिक कीमत प्रस्थापनाओं की संख्या से कम समरूप हैं ।

दृष्टांत : उस दशा में जिसमें तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों की कुल संख्या दस है और तकनीकी रूप से अर्हित प्रत्येक बोली लगाने वाला भिन्न-भिन्न आरंभिक कीमत प्रस्थापना प्रस्तुत करता है वहां पहले पचास प्रतिशत श्रेणी वाले तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों को अर्हित बोली लगाने वाला माना जाएगा ।

यदि ऐसे तीन तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वाले समान आरंभिक कीमत प्रस्थापना प्रस्तुत करते हैं और उन्हें कुल श्रेणी संख्या के पहले पचास प्रतिशत श्रेणी में श्रेणीकृत किया जाता है तो ऐसे सभी तकनीकी रूप से अर्हित बोली लगाने वालों को अर्हित बोली लगाने वाला समझा जाएगा और अर्हित बोली लगाने वालों की संख्या में दो की वृद्धि हो जाएगी ।

(ख) दूसरे चक्र की नीलामी निम्नलिखित रीति में की जाएगी, अर्थात् –

(i) अर्हित बोली लगाने वाले अपनी अंतिम कीमत प्रस्थापना प्रस्तुत कर सकेंगे जो न्यूनतम कीमत से अधिक प्रेषित खनिज मूल्य का प्रतिशत होगी :

परंतु नीलामी मंच के तकनीकी विनिर्देशों के अनुसार अंतिम कीमत प्रस्थापना को नीलामी की समाप्ति तक पुनरीक्षित किया जा सकेगा ।

(ii) यदि कोई अर्हित बोली लगाने वाला, आन लाइन इलैक्ट्रानिक नीलामी मंच पर अंतिम कीमत प्रस्थापना प्रस्तुत नहीं करता है तो नीलामी प्रक्रिया बातिल हो जाएगी ।

(iii) ऐसे अर्हित बोली लगाने वाले को, जिसने उच्चतर अंतिम कीमत प्रस्थापना प्रस्तुत की है, नीलामी समाप्त होने के तुरंत बाद अधिमानी बोली लगाने वाले के रूप में घोषित किया जाएगा ।

10. खनन पट्टे का अनुदत्त किया जाना –(1) अधिमानी बोली लगाने वाला पहली किश्त प्रस्तुत करेगा जो नियम 11 के अनुसार अग्रिम संदाय का दस प्रतिशत होगी ।

(2) अग्रिम संदाय की पहली किश्त प्राप्त होने पर राज्य सरकार अधिमानी बोली लगाने वाले को अशय पत्र जारी करेगा ।

(3) अधिमानी बोली लगाने वाले को –

(क) पात्रता के सभी निबंधनों और शर्तों का पालन जारी रखने पर;

(ख) दूसरी किश्त का, जो अग्रिम संदाय का दस प्रतिशत होगी, संदाय किए जाने पर;

(ग) उपनियम 12 में यथा विनिर्दिष्ट कार्यपालन प्रतिभूति दिए जाने पर ;

(घ) खनन योजना की बाबत धारा 5 की उपधारा (2) के खंड (ख) में विनिर्दिष्ट शर्तों का समाधान किए जाने पर, और

(ङ) ऐसी अन्य शर्तों का, जो राज्य सरकार केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से विनिर्दिष्ट करें, समाधान किए जाने पर,

"सफल बोली लगाने वाला" माना जाएगा ।

(4) सफल बोली लगाने वाला, सभी सहमतियां, अनुमोदन अनुज्ञापत्र, अनापत्तियां और वैसे ही दस्तावेजों को जो खनन संक्रियाओं के प्रारंभ के लिए लागू विधियों के अधीन अपेक्षित हों, अभिप्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार के साथ खान विकास और उत्पादन करार पर हस्ताक्षर करेगा ।

(5) सफल बोली लगाने वाला खान विकास और उत्पादन करार के निष्पादन के पश्चात् तीसरी किश्त का संदाय करेगा जो अग्रिम संदाय का अस्सी प्रतिशत होगी और ऐसे संदाय किए जाने पर राज्य सरकार सफल बोली लगाने वाले को खनन पट्टा अनुदत्त करेगी ।

(6) राज्य सरकार द्वारा उपनियम (5) में विनिर्दिष्ट शर्तों का पालन किए जाने की तारीख के तीस दिन के भीतर खनन पट्टा विलेख निष्पादित किया जाएगा और यह अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अध्ययधीन होगा ।

(7) खनन पट्टा ऐसे खनिजों के लिए होगा जो नीलामी के पहले खोज के अनुसरण में किसी क्षेत्र में पाए जाते हैं :

परंतु जहां नीलामी के पश्चात् किसी नवीन खनिज का पता चलता है वहां खनन पट्टे का धारक, खनन पट्टा विलेख में ऐसे नवीन खनिज को जोड़ने के लिए खनिज रियायत नियम, 1960 के उपबंधों का अनुसरण करेगा ।

(8) जहां नीलामी से पहले या नीलामी के पश्चात् लघु खनिज की मौजूदगी स्थापित हो जाती है या उसका पता चलता है वहां ऐसे लघु खनिजों पर ऐसे नियमों के अनुसार विचार किया जाएगा जो धारा 15 के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाए जाएं ।

(9) ऐसी तारीख, जिसको खनन पट्टा विलेख सम्यक् रूप से रजिस्ट्रीकृत किया जाता है, खनन पट्टे के प्रारंभ होने की तारीख होगी ।

11. खनन पट्टे के लिए अग्रिम संदाय :--

(1) ऐसी रकम जो अनुमानित साधनों के मूल्य के 0.50 प्रतिशत के बराबर है "अग्रिम संदाय" होगी ।

(2) राज्य सरकार को अग्रिम संदाय निविदा दस्तावेज में यथाविनिर्दिष्ट दस प्रतिशत ; दस प्रतिशत; और अस्सी प्रतिशत की तीन किश्तों में संदेय होगा और निविदा दस्तावेज में, यथाविनिर्दिष्ट खनिज का उत्पादन प्रारंभ होने के पहले पांच वर्ष के भीतर नियम 8 के उपनियम (2) के अधीन संदत्त रकम के विरूद्ध पूर्ण समायोजन किया जाएगा ।

12. खनन पट्टे के लिए कार्यपालन प्रतिभूति -- (1) सफल बोली लगाने वाला अनुमानित साधनों के मूल्य की 0.50 प्रतिशत रकम का अग्रिम संदाय कराने के लिए कार्यपालन प्रतिभूति देगा और कार्यपालन प्रतिभूति प्रत्येक पांच वर्ष में समायोजित की जाएगी जिससे उसे अनुमानित साधनों के पुन:र्निधारित मूल्य का 0.50 प्रतिशत के तत्समान बनाए रखा जा सके ।

(2) अनुसूची 3 में यथाविनिर्दिष्ट रूप विधान में बैंक गारंटी के माध्यम से या प्रतिभूति निक्षेपों के माध्यम से दी गई कार्यपालन प्रतिभूति को, --

(i) खान विकास और उत्पादन करार के ; और

(ii) खनन पट्टा विलेख के ;

उपबंधों के अनुसार बनाया जा सकेगा ।

13. खनन पट्टे के अधीन भुगतान (1) पट्टेदार, राज्य सरकार को अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों में यथाविनिर्दिष्ट स्वामिस्वों और अनिवार्य भाटक का संदाय करेगा

(2) पट्टेदार, राज्य सरकार को मासिक आधार पर नियम 8 के अधीन उद्धृत लागू रकम का संदाय करेगा ।

(3) पट्टेदार ऐसी रकमों का, जो अधिनियम के अधीन अपेक्षित हो निम्नलिखित में अभिदाय करेगा,–

(i) राष्ट्रीय खनिज खोज न्यास के अभिहित खाते में ;

(ii) जिला खनिज प्रतिष्ठान के अभिहित खाते में ।

(4) पट्टेदार, ऐसे संबंधित प्राधिकारियों को ऐसी अन्य रकमों का भी संदाय करेगा जो तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन अपेक्षित हो ।

14. ब्याज का संदाय –राज्य सरकार, इन नियमों के अधीन राज्य सरकार को देय किसी ऐसे संदाय पर, जिसके संदाय में उसकी देय होने की तारीख से साठ दिन का विलंब हुआ है, चौबीस प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से साधारण ब्याज प्रभारित करेगी ।

15. समयावधि -- नियम 10 से नियम 14 की अपेक्षाओं का पालन करने के लिए समयावधि निविदा दस्तावेज में यथाविनिर्दिष्ट होगी ।

अध्याय 3
समेकित अनुज्ञप्ति का दिया जाना

16. समेकित अनुज्ञप्ति की नीलामी के लिए पूर्व अध्यपेक्षाएं –(1) राज्य सरकार अधिनियम और इस अध्याय के उपबंधों के अनुसार और इस शर्त के अधीन रहते हुए कि खनिज (खनिज पदार्थों का साक्ष्य) नियम, 2015 के नियम 7 के उपनियम (1) की अपेक्षाओं का समाधान हो गया है, राज्य के भीतर किसी क्षेत्र की बाबत समेकित अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए नीलामी प्रक्रिया आरंभ कर सकेगी ।

परंतु अधिसूचित खनिज की बाबत नीलामी की दशा में केंद्रीय सरकार का पूर्व अनुमोदन अपेक्षित होगा ।

(2) राज्य सरकार, नीलामी की बाबत निविदा आमंत्रित करने की सूचना जारी करने के पूर्व ऐसे क्षेत्र की पहचान और सीमांकन करेगी जहां कुल स्थानन और भिन्न-भिन्न वैश्विक अवस्थानन प्रणाली का प्रयोग करके नीलामी के माध्यम से समेकित अनुज्ञप्ति का अनुदत्त किया जाना प्रस्तावित है और इस प्रकार सीमांकित क्षेत्र को वन भूमि, राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन भूमि और राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन न आने वाली भूमि के रूप में, वर्गीकृत किया जाएगा ।

17. समेकित अनुज्ञप्ति के लिए नीलामी (1) नियम 6 से नियम 9 में यथाविनिर्दिष्ट नीलामी प्रक्रिया निम्नलिखित के अधीन रहते हुए समेकित अनुज्ञप्ति अनुदत्त किए जाने हेतु नीलामी का संचालन करने को लागू होगी, अर्थात् –

(क) राज्य सरकार अंतिम उपयोग के आधार पर कोई आरक्षण नहीं करेगी ;

(ख) राज्य सरकार, नियम 16 के पालन के अधीन रहते हुए, निविदा प्रक्रिया आरंभ किए जाने के लिए निविदा आमंत्रित करते हुए सूचना जारी करेगी, जिसके अंतर्गत उसकी वेबसाइट भी है, और ऐसी सूचना में निविदा के अंतर्गत आने वाली क्षेत्र से संबंधित संक्षिप्त विशिष्टयां अंतर्विष्ट होंगी, जिसके अंतर्गत निम्नलिखित भी हैं –

(i) कुल स्थानन और भिन्नक वैश्विक अवस्थानन प्रणाली का प्रयोग करके चिह्नाकित और सीमांकित क्षेत्र की, जिसे वनभूमि, राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन भूमि और राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन न आने वाली भूमि के रूप में विभाजित किया जाएगा, विशिष्टयां; और

(ii) क्षेत्र में पाए जाने वाले सभी खनिजों की बाबत अनुमानित खनिज साधनों और खनिज (खनिज पदार्थ साक्ष्य) नियम, 2015 के नियम 7 में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के समाधानप्रद रूप में संक्षिप्त विशिष्टियां ।

(ग) राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए निविदा दस्तावेज में निम्नलिखित अंतर्विष्ट होगा,--

(i) खनिज (खनिज पदार्थ साक्ष्य) नियम, 2015 के अनुसरण में भू-वैज्ञानिक रिपोर्ट जिसमें खोज के दौरान क्षेत्र में पता लगाए गए सभी खनिजों की विशिष्टियां और अनुमानित मात्रा विनिर्दिष्ट हो ;

(ii) कुल स्थान और भिन्नक वैश्विक अवस्थानन प्रणाली का प्रयोग करके पहचान किए गए और सीमांकित ऐसे क्षेत्र के, वनभूमि, राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन भूमि और राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन न आने वाली भूमि के रूप में विकसित किया गया हो, राजस्व सर्वेक्षण ब्यौरे,

(घ) बोली लगाने वालों के निविदा दस्तावेज का और ऐसी रिपोर्टों का अध्ययन करने के लिए राज्य सरकार द्वारा यथाविहित एक नियत अवधि दी जाएगी और बोली लगाने की प्रक्रिया ऐसी अवधि की समाप्ति पर आरंभ होगी ।

18. समेकित अनुज्ञप्ति का अनुदत्त किया जाना – (1) नीलामी प्रक्रिया पूरी होने पर अधिमानी बोली लगाने वाला नियम 19 के उपनियम (1) में विनिर्दिष्ट रीति में कार्यपालन प्रतिभूति प्रस्तुत करेगा और ऐसी कार्यपालन प्रतिभूति के प्राप्त होने पर राज्य सरकार अधिमानी बोली लगाने वाले को आशयपत्र जारी करेगी ।

(2) आशयपत्र प्राप्त होने पर अधिमानी बोली लगाने वाले को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करने पर सफल बोली लगाने वाला समझा जाएगा, अर्थात् –

(क) पात्रता संबंधी सभी शर्तों का पालन ;

(ख) सभी सहमतियों, अनुमोदन, अनुज्ञापत्रों, अनापत्तियों और वैसे ही अन्य दस्तावेजों को जो पूर्वेक्षण संबंधी संक्रियाओं को प्रारंभ करने संबंधी लागू विधियों के अधीन अपेक्षित हों, अभिप्राप्त करना ; और

(ग) पूर्वेक्षण की स्कीम प्रस्तुत करना ।

(3) उपनियम (2) में विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करने पर राज्य सरकार सफल बोली लगाने वाले को एक समेकित अनुज्ञप्ति अनुदत्त करेगी और ऐसी समेकित अनुज्ञप्ति अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के ऐसे उपबंधों के अधीन रहते हुए होगी जो पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति और खनन पट्टे को लागू हो ।

(4) समेकित अनुज्ञप्ति अनुदत्त किए जाने के लिए न्यूतम क्षेत्र ऐसे न्यूतम क्षेत्र से कम नहीं होगा जिसके लिए खनिज रियायत नियम 1960 के उपबंधों के अनुसार अनुदत्त की जा सकती है और अधिकतम क्षेत्र पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति को यथा लागू नियम 6 के अनुसार होगा ।

(5) समेकित अनुज्ञप्ति का धारक, समेकित अनुज्ञप्ति के अधीन क्षेत्र में भू-वैज्ञानिक खोज का संचालन करेगा जिससे खनिज पदार्थों का साक्ष्य सुनिश्चित किया जा सके और अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए ऐसे नियमों के अनुसार जो पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति को लागू होते हैं, कालिक रिर्पोट प्रस्तुत करेगा और समेकित अनुज्ञप्ति के अधीन क्षेत्र के भू-सर्वेक्षण खोज से संबंधित सभी रिपोर्टें, अध्ययन और अन्य दस्तावेज राज्य सरकार और भारतीय खान ब्यूरो को प्रस्तुत की जाएगी ।

(6) यदि समेकित अनुज्ञप्ति का धारक, --

(क) धारा 11 की उपधारा (9) के अनुसार पूर्वेक्षण संक्रियाओं को पूरा करने में असफल रहता है या धारा 11 की उपधारा (10) और खनिज (खनिज पदार्थों का साक्ष्य) नियम, 2015 के अनुसार खनिज पदार्थों की विद्यमानता को स्थापित करने में असफल रहता है तो ऐसा धारक खनन पट्टा प्राप्त करने का पात्र नहीं होगा और समेकित अनुज्ञप्ति समाप्त हो जाएगी ;

(ख) खनिज (खनिज पदार्थों का साक्ष्य) नियम, 2015 के अनुरूप खनिज पदार्थों के साक्ष्य का अवधारण करने के परिणामस्वरूप धारा 11 की उपधारा (9) के अनुसार पूर्वेक्षण संक्रियाओं को पूरा कर लेता है तो ऐसा धारक राज्य सरकार को पहली किश्त, जो अग्रिम संदाय का दस प्रतिशत होगी, के साथ खनन अनुज्ञप्ति दिए जाने के लिए आवेदन करेगा ।

परंतु खनन पट्टा केवल ऐसे क्षेत्र की बाबत अनुदत्त किया जाएगा जिसके लिए खनिज पदार्थों का साक्ष्य पाया गया है और यह ऐसे अधिकतम क्षेत्र अधिक क्षेत्र नहीं होगा जिसके लिए अधिनियम के अधीन खनन पट्टा अनुदत्त किया जाएगा ।

परंतु यह और कि मिश्रित अनुज्ञप्ति के किसी धारक द्वारा कोई अतिरिक्त क्षेत्र इसमें सुधार होने के पश्चात् अभ्यर्पित समझा जाएगा;

(7) सम्यक् रूप से पूरा पट्टा आवेदन और उपनियम (6) के खंड (ख) में यथाविनिर्दिष्ट अग्रिम संदाय की पहली किश्त के प्राप्त होने पर राज्य सरकार खनन पट्टे के लिए आशय पत्र जारी करेगी ।

(8) खनन विकास और उत्पादन करार राज्य सरकार और समेकित अनुज्ञप्ति के धारक के बीच निष्पादित किया जाएगा, यदि समेकित अनुज्ञप्ति का धारक –

(क) पात्रता के निबंधनों और शर्तों का पालन करना जारी रखता है ;

(ख) अग्रिम संदाय का दस प्रतिशत दूसरी किश्त संदत्त करता है;

(ग) नियम 19 के उपनियम (2) में यथाविर्निदिष्ट बढ़ी हुई निष्पादन प्रतिभूति प्रस्तुत करता है;

(घ) खान योजना के संबंध में धारा 5 की उपधारा (2) के खंड (ख) में विर्निदिष्ट शर्तों को पूर्ण करता है;

(ङ) खान प्रचालनों को प्रारंभ करने के लिए लागू विधियों के अधीन यथाअपेक्षित सभी सहमतियां, अनुमोदन, अनुज्ञप्तियां, अनापत्तियां और समरूप प्राप्त करता है; और

(च) ऐसी अन्य शर्तें पूर्ण करता है जो केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से राज्य सरकार द्वारा विर्निदिष्ट की जाएं ।

(9) मिश्रित अनुज्ञप्ति का धारक, खान विकास उत्पादन करार के कार्यकरण के पश्चात् अग्रिम संदाय का अस्सी

प्रतिशत तीसरी किश्त संदत्त करेगा तथा ऐसे संदाय पर राज्य सरकार उपनियम (8) में विर्निदिष्ट सभी शर्तों को पूर्ण करने की तारीख के तीस दिन के भीतर मिश्रित अनुज्ञप्ति के धारक के साथ खान पट्टा विलेख करेगी ।

(10) खान पट्टा अधिनियम और उसके अधीन बनाए गऐ नियमों के उपबंधों के अधीन होगा ।

(11) खान पट्टा नीलामी के पूर्व खोज के अनुसरण में क्षेत्र में पाए गए खनिजों के लिए होगा ।

परंतु यह कि नीलामी के पश्चात् किसी नए खनिज की खोज होती है तो खान पट्टे का धारक खान पट्टा विलेख में ऐसे नए खनिज को सम्मिलित करने के लिए खनिज रियायत नियम, 1960 के उपबंधों का अनुसरण करेगा ।

(12) जहां नीलामी के पहले या नीलामी के पश्चात् गौण खनिज की उपस्थिति प्रमाणित होती है या उसकी खोज होती है तो ऐसा गौण खनिज, धारा 15 के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाए गए ऐसे नियमों के अनुसार व्यवहार किए जाएंगे ।

(13) वह तारीख जिसको सम्यक् रूप से निष्पादित खान पट्टा विलेख रजिस्ट्रीकृत किया जाता है, खान पट्टा प्रारंभ होने की तारीख होगी ।

19. मिश्रित अनुज्ञप्ति के लिए निष्पादन प्रतिभूति-- (1) प्राक्कलित संसाधन के मूल्य के 0.25 % की रकम मिश्रित अनुज्ञप्ति जारी करने से पूर्व निष्पादन प्रतिभूति के रूप में अधिमानी नीलामीकर्ता द्वारा संदेय होगी ।

(2) खान पट्टा जारी करने से पूर्व निष्पादन प्रतिभूति की रकम प्राक्कलित संसाधनों के मूल्य के 0.50 % की रकम होगी ।

(3) उपनियम (2) के अधीन निष्पादन प्रतिभूति प्रत्येक पांच वर्ष में समायोजित की जाएगी ताकि वह प्राक्कलित संसाधन के पुन: र्निधारित मूल्य के 0.50 % के तत्स्थानी बनी रहे ।

(4) निष्पादन प्रतिभूति निम्न के उपबंधों के अनुसार अवलंब ली जा सकेगी,--

(i) खान विकास और उत्पादन करार; और

(ii) खान पट्टा विलेख ।

अध्याय 4:
प्रकीर्ण

20. प्रकट भूलों को सुधारने की शक्ति– सरकार या इन नियमों के अधीन किसी प्राधिकारी और अधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश में किसी लिपिकीय या गणितीय भूल और आकस्मिक चूक या लोप में उदभूत् किसी गलती को, यथास्थिति, सरकार, संबंधित प्राधिकारी या अधिकारी द्वारा ठीक किया जा सकेगा :

परंतु ऐसा कोई भूल सुधार आदेश, जो किसी व्यक्ति के प्रतिकूल हो, तब तक नहीं पारित किया जाएगा जब तक की उस व्यक्ति को सुने जाने का अवसर प्रदान न कर दिया गया हो ।

21. अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग ख में विर्निदिष्ट खनिजों से संबंधित विशेष उपबंध—(1) इन नियमों में अंतविर्ष्ट किसी बात के होते हुए भी--

(क) यदि मिश्रित अनुज्ञप्ति या खनिज पट्टा का धारक ऐसे अनुज्ञप्ति या पट्टे के अधीन अनुदत्त क्षेत्र में, अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग ख में विर्निदिष्ट ऐसे किसी खनिज की खोज करता है, जो अनुज्ञप्ति या पट्टे में विर्निदिष्ट नहीं है, तो ऐसे खनिज की खोज को, ऐसे खनिज की खोज की तारीख से साठ दिन के भीतर निदेशक, परमाण्विक खनिज खोज और अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद को रिपोर्ट किया जाएगा;

(ख) अनुज्ञप्तिधारी या पट्टाधारी अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग ख में विर्निदिष्ट खनिज का उपार्जन या निपटान नहीं करेगा यदि इस प्रयोजन के लिए प्राप्त अनुज्ञप्ति या पट्टे अथवा पृथक अनुज्ञप्ति या पट्टे में ऐसा खनिज सम्मिलित नहीं किया जाता है;

(ग) ऐसी पूर्वेक्षण और खनन सक्रियाओं के आनुषंगिक रूप में अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग ख में सूचीबद्ध खनिजों की मात्राएं पृथक रूप से संगृहीत और चट्टा लगाई जाएंगी और अनुज्ञप्तिधारी या पट्टाधारी द्वारा ऐसी और कार्रवाई के लिए प्रत्येक मास इस बारे में एक रिपोर्ट निदेशक परमाण्विक खनिज खोज और अनुसंधान निदेशालय, हैदराबाद को भेजी जाएगी, जैसा परमाणु खोज और अनुसंधान खनिज निदेशालय को निदेशित किया जाए ।

(2) उपनियम (1) में निर्दिष्ट अनुज्ञप्तिधारी या पट्टाधारी परमाणु उर्जा अधिनियम, 1962 (1962 का 33) और उनके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन अधिनियम की प्रथम अनुसूची के भाग ख में विर्निदिष्ट किसी खनिज का पता लगने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त खनिजों की अनुज्ञप्ति अनुदत्त करने के लिए राज्य सरकार के माध्यम से सचिव, परमाणु उर्जा विभाग, मुंबई को आवेदन करेगा और परमाणु उर्जा विभाग इस बारे में अनुज्ञप्ति जारी करने के संबंध में राज्य सरकार को सूचित करेगा ।

